स्थापना : 1959 पंजीयन क्र.: 59
छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज,रायपुर (छ.ग.)
चौ. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन. द्वितीय तल, बॉम्बे मार्केट, रायपुर (छ.ग.) 492001
Chhattisgarh Chamber of Commerce & Industries, Raipur (C.G.)
Ch. Devilal Vyapar Udyog Bhawan, 2nd Floor, Bombay Market, Raipur (C.G.) INDIA
CCCI
Ph.: 0771-2539275, 4034572, Mo. 9340389971
Website : www.cgchamber.org Email : info.cgchamber@gmail.com

क्र.सीसीसीआई /829 /2025–26 दिनांक :–22–12–2025

## प्रेस विज्ञप्ति

## कांकेर (आमाबेड़ा) में धर्मांतरण के हिंसक विरोध और प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ 24 दिसंबर को सर्व समाज छत्तीसगढ़ द्वारा "छत्तीसगढ़ बंद" छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने दिया बंद को ऐतिहासिक और पूर्ण समर्थन

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी की अध्यक्षता में व्यापारिक संगठनों एवं चेम्बर पदाधिकारियों की एक अति आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कांकेर जिले के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजाति समाज पर किए गए योजनाबद्ध हमले और स्थानीय प्रशासन के भेदभावपूर्ण रवैये पर गहरा रोष व्यक्त किया गया।

### धर्मांतरण और अत्याचार के खिलाफ एकजुट हुआ व्यापारी समाज

सर्व समाज छत्तीसगढ़ द्वारा 24 दिसंबर 2025 को आहूत "छत्तीसगढ़ बंद" के समर्थन में चेम्बर ने अपनी पूरी शक्ति झोंकने का निर्णय लिया है। बैठक की शुरुआत में चेम्बर प्रदेश महामंत्री श्री अजय भसीन ने उपस्थित पदाधिकारियों को आमाबेड़ा की हृदयविदारक घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के आदिवासी एवं अन्य समाजों के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए चेम्बर इस बंद का पुरजोर समर्थन करता है।

### प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी का कड़ा रुख

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने कहा, प्रदेश में धर्मांतरण एक गंभीर और चिंतनीय मुद्दा बन चुका है। षड्यंत्रपूर्वक और धोखे से किए जा रहे धर्मांतरण को रोकना अत्यंत आवश्यक है। दुखद यह है कि ऐसी घटनाओं में स्थानीय प्रशासन का रवैया पक्षपातपूर्ण रहा है। इस अत्याचार के खिलाफ व्यापारियों को एकजुट होकर सहयोग देना होगा। उनके आह्वान पर बैठक में उपस्थित सभी व्यापारिक प्रमुखों ने हाथ उठाकर बंद को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

### सुनियोजित बंद से व्यापारियों के हितों की रक्षा

पूर्व विधायक एवं चेम्बर संरक्षक श्री श्रीचंद सुंदरानी ने कांकेर की घटना को दर्दनाक बताते हुए कहा कि धर्मांतरण की बढ़ती घटनाएं प्रदेश की शांति के लिए खतरा हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि बंद को इतना सुनियोजित रखा जाए कि ट्रांसपोर्टेशन और कच्चे माल के व्यापारियों को कम से कम आर्थिक नुकसान हो, लेकिन विरोध का संदेश स्पष्ट और कड़ा जाना चाहिए।

### गांव से शहर तक पहुंचेगी बंद की गूंज

पूर्व विधायक श्री लाभचंद बाफना ने कहा कि यह बंद केवल रायपुर तक सीमित नहीं रहना चाहिए। प्रदेश की प्रत्येक इकाई छोटे से छोटे व्यापारियों तक पहुंचे ताकि कश्मीर से कन्याकुमारी तक इस एकता का संदेश जाए। वहीं, ट्रांसपोर्ट चेम्बर के अध्यक्ष श्री हरचरण सिंह साहनी ने धर्मांतरण को समाज के लिए घातक बताते हुए ट्रांसपोर्ट जगत की ओर से "छत्तीसगढ़ बंद" को शत–प्रतिशत समर्थन देने की घोषणा की।

### सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे व्यापारी

बैठक में चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी एवं जसप्रीत सिंह सलूजा ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अब केवल बंद पर्याप्त नहीं है। इस तरह की समाज–विरोधी घटनाओं के खिलाफ व्यापारियों को मुख्य चौक–चौराहों पर आकर कड़े शब्दों में अपना आक्रोश व्यक्त करना चाहिए। वहीं, भाटागांव व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने बंद का पूर्ण समर्थन करते हुए इस विषय पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है।

## सारंगढ़ सहित प्रदेश की सभी इकाइयों का समर्थन

बंद की गूंज अब पूरे प्रदेश में फैल चुकी है। सारंगढ़ इकाई के संरक्षक नत्थू लाल अग्रवाल एवं चेम्बर उपाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने सर्व समाज के आह्वान को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए वहां के स्थानीय व्यापारियों को बंद में शामिल होने के लिए सक्रिय कर दिया है।

## व्यापारियों एवं आम जनता के लिए चेम्बर अध्यक्ष की महत्वपूर्ण अपील

चेम्बर की सभी प्रदेश इकाइयों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में स्थानीय व्यापारियों को सूचित करें। 24 दिसंबर 2025 को व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर सर्व समाज के इस आंदोलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आम जनता और व्यापारियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे बंद के एक दिन पूर्व ही अपनी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की खरीदी कर लें। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि बंद के दौरान मेडिकल स्टोर्स और पेट्रोल पंप खुले रहेंगे ताकि मरीजों और अति–आवश्यक यातायात में कोई बाधा न आए।

आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केवल व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने का आह्वान किया गया है।

## एकजुटता ही समाधान : सतीश थौरानी

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री थौरानी ने पुनः जोर दिया कि धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा है और स्थानीय प्रशासन का भेदभावपूर्ण रवैया निराशाजनक है। व्यापारियों का सहयोग इस अत्याचार को रोकने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

बैठक में पूर्व विधायक चेम्बर संरक्षक श्रीचन्द सुन्दरानी, प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, सलहाकार– लाभचंद बाफना, लखमशी पटेल, किशोर आहूजा, गुरजीत सिंह संधु, मोहनलाल तेजवानी, वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी,कार्यकारी अध्यक्ष–राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, विनय बजाज, जसप्रीत सिंह सलूजा, हरचरण सिंह साहनी अध्यक्ष ट्रांसपोर्ट चेम्बर, उपाध्यक्ष–लोकेश चन्द्रकांत जैन, नीलेश मूंधड़ा, टी. श्रीनिवास रेड्डी, प्रकाश लालवानी, संतोष जैन, दिलीप इसरानी, अनिल कुमार केवलानी, सतीश जैन, मनीष प्रजापति, अमर दौलतानी, जितेन्द्र शादीजा, योगेश होतवानी, शांतिलाल बरड़िया, नरेन्द्र बरलोटा, जयचंद नवानी, दीपक रामानी, प्रणित सुंदरानी, महेन्द्र बागड़ोदिया,महेन्द्र अग्रवाल, सारंगढनिखिल पंड्या,रवि तेजवानी, सतीश बागड़ी, ,राजेश शर्मा भिलाई, मंत्री–अमर बरलोटा, अमित अग्रवाल, राहुल खुबचंदानी, गुरनेश पाल सिंह हंस, सोनू साधवानी, आशीष वासवानी, गौतम रेलवानी, नितेश अग्रवाल, जतिन नचरानी, अमित चावला, पंकज जैन, एसोसियेशन– प्रहलाद शादीजा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ग्लास एसोसियेशन, स्टेशन रोड व्यापारी संघ उपाध्यक्ष राजेश केडिया, कलीराम साहू महासचिव मर्चेन्ट एसोसियेशन, दिनेश अठवानी अध्यक्ष भाठागांव व्यापारी संघ, प्रकाश लालवानी अध्यक्ष अगरबत्ती एसोसियेशन, शैलेन्द्र गोयनका अध्यक्ष नयापारा थोक व्यापारी संघ, हरीश संतवानी रायपुर सायकल मर्चेन्ट एसोसियेशन, उमेश वर्मा, रूपक चंद्रवंशी राजधानी गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन, रविकांत तिवारी बीरगांव व्यापारी संघ, घनश्याम होतवानी, सरेश नागवानी बारदाना व्यापारी संघ, सुरेश गंगवानी शिवशक्ति वपारी संघ, तेलीबांधा, सदस्य लालचंद बैद सहित अनेक पदाधिकारी, संघ के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

अजय भसीन
प्रदेश महामंत्री
मो.96301–63987

सेवा में,

श्रीमान संपादक जी,

दैनिक ........................................................................ रायपुर।

प्रिय महोदय,

निवेदन है कि उपरोक्त समाचार अपने लोक प्रिय दैनिक में प्रकाशित करने की कृपा करेंगे।

भवदीय

कार्यालय सचिव